संपादकीय

हथियारों के बीच

यह सुनकर शायद आप चौंक जाएं कि दुनिया भर में मौजूद 1 अरब 1 करोड़ छोटे हथियारों का 84.6 प्रतिशत सिविलियंस यानी आम नागरिकों के पास है। आम नागरिक, यानी पुलिस और सशस्त्र बलों को छोड़कर बाकी सब। दूसरे शब्दों में कहें तो निजी सुरक्षा कंपनियों, गैर सरकारी सशस्त्र संगठनों और गिरोहों को भी इसमें शामिल किया गया है। हथियारों पर नजर रखने वाले जिनेवा स्थित संगठन 'स्मॉल आर्म्स सर्वे' की पिछले साल जून में प्रकाशित रिपोर्ट 'एस्टिमेटिंग ग्लोबल सिविलियन हेल्ड फायरआर्म्स नंबर्स' के अनुसार 2017 में कुल हथियारों का 13.2 प्रतिशत (13.30 करोड़) ही राज्य के नियंत्रण वाली सेना और 2.2 प्रतिशत (2.30 करोड़) विभिन्न सरकारी सुरक्षा एजेंसियों के पास था।

रिवॉल्वर, सेल्फ लोडिंग पिस्टल, राइफल, कार्बाइन और असॉल्ट राइफल से लेकर लाइट मशीनगन तक को इस अध्ययन में शामिल किया गया है। इस तरह के हथियारों में पिछले दस सालों में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इन्हें रखने वाले आम नागरिक मुख्यत: अमेरिका, भारत, चीन और पाकिस्तान के हैं। अमेरिका में दुनिया की सिर्फ 4 प्रतिशत आबादी रहती है मगर वहां के नागरिकों के पास दुनिया के 40 प्रतिशत छोटे हथियार हैं। वहां लोगों के पास कुल 39 करोड़ 33 लाख, यानी औसतन 10 नागरिकों पर 12 हथियार हैं। प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार 50 साल से ऊपर के एक तिहाई अमेरिकियों के पास जबकि 18 से 29 वर्ष आयुवर्ग के 28 प्रतिशत युवाओं के पास बंदूकें हैं।

इस मामले में अमेरिका के बाद भारत (7.11 करोड़), चीन (करीब 5 करोड़), पाकिस्तान (4.39 करोड़) और रूस (1.76 करोड़) का नंबर आता है। न्यूजीलैंड में आम लोगों के पास केवल 12 लाख हथियार हैं। भारत की एक अलग खासियत यह है कि यहां आम लोगों के पास मौजूद 7.11 करोड़ हथियारों में से 6.14 करोड़ गैरकानूनी हैं, यानी उनका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। आम लोगों के पास हथियार होने का सबसे ज्यादा खमियाजा अमेरिका को भुगतना पड़ा है। वहां आए दिन कभी स्कूल में तो कभी बाजार या कंसर्ट में खुलेआम गोलीबारी होती रहती है।

2016 में अमेरिका में 64 प्रतिशत हत्याएं आग्नेयास्त्रों से हुईं। 1982 से 2016 तक 90 मास शूटिंग (जिनमें तीन या ज्यादा लोग मरे) की घटनाएं घटीं। इन घटनाओं के कारण वहां निजी तौर पर हथियार रखने के खिलाफ अभियान शुरू हुआ।

जीएसटी : अंतिम बिक्री रिटर्न भरने की समय सीमा 2 दिन और बढ़ी

नई दिल्ली। सरकार ने मार्च के लिए अंतिम बिक्री रिटर्न फार्म जीएसटीआर-1 दाखिल करने की समयसीमा दो दिन बढ़ाकर 13 अप्रैल कर दी. इसी तरह मार्च के लिये स्रोत पर की गई कर कटौती (टीडीएस) की रिटर्न जीएसटी आर-7 भरने की समयसीमा 12 अप्रैल तक बढ़ा दी गई. इससे पहले जीएसटीआर-1 की समयसीमा 11 अप्रैल और जीएसटीआर-7 की समयसीमा 10 अप्रैल थी. केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने एक अधिसूचना में कहा, 'केंद्रीय माल एवं सेवाकर नियम 2017 के तहत मार्च 2019 माह के लिए माल एवं सेवाओं की भेजी गई आपूर्ति अथवा दोनों का फार्म जीएसटी आर-1 में ब्योरा साझा पोर्टल के जरिये इलेक्ट्रानिक तरीके से 13 अप्रैल

2019 को या इससे पहले भेजा जाना चाहिये.'

शिकायत के बाद समयसीमा बढ़ाने का निर्णय

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमाशुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक अधिसूचना में इसकी जानकारी दी. बोर्ड ने रिटर्न भरने में दिक्कतें आने की कंपनियों की शिकायत आने के बाद समयसीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है.

'प्लान- बी' योजना बनाने की जरूरत

एएमआरजी एण्ड एसोसियेट्स के पार्टनर रजत मोहन ने कहा कि जीएसटी लागू होने के 20 माह बाद भी जीएसटीएन में तकनीकी खामियां सामने आ रही हैं. इससे समग्र कर ढांचे के अनुपालन में खामियां रहतीं हैं.

जीएसटी परिषद को बेहतर जीएसटी अनुपालन नेटवर्क के लिये अपनी 'प्लान- बी' योजना बनाने की जरूरत है.

अब व्हाट्सऐप से यूजर्स 30 ऑडियो फाइल को एक साथ भेज सकेंगे

सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)। फेसबुक के अधिग्रहण वाले फोटो मैसेंजिंग ऐप व्हाट्सऐप ने नए यूजर इंटरफेस (यूआई) के साथ ऑडियो पिकर पेश किया है जिससे यूजर को एक बार में 30 ऑडियो फाइल्स भेजने की सुविधा मिलेगी। वेबईटीएइंफो ने इसी सप्ताह बताया, व्हाट्सऐप ने हाल ही में ऑडियो पिकर पेश किया है। इससे ऑडियो को सेंड करने से पहले प्ले करने तथा एक से ज्यादा ऑडियो फाइल्स भेजने की सुविधा प्रदान करता है। इससे पहले, यूजर्स एक बार में सिर्फ एक ऑडियो फाइल भेज सकते थे।

नया फीचर व्हाट्सऐप के 2.19.89 बीटा अपडेट में आया है। इसके बाद व्हाट्सऐप ने अपने प्लेटफॉर्म पर कई अपडेट्स, विशेष रूप से ज्यादा डिवाइसेज पर संबंधित एप सपोर्ट करना और प्लेटफॉर्म पर फर्जी सूचनाएं फैलने की जांच करने के फीचर पेश किए हैं। यह एप बहुप्रतीक्षित आईपैड सपोर्ट पर पहले से ही काम कर रहा है जिसका टच आईडी सपोर्ट, स्प्लिट-स्क्रीन और लैंडस्केप मोड जैसे फीचर्स पर परीक्षण हो रहा है।

अपने प्लेटफॉर्म पर फर्जी खबरों के फैलने की घटनाओं को कम करने के लिए व्हाट्सऐप फॉरवार्डिंग इंफो और फ्रीचेंट्ली फॉरवार्डेड मैसेज नामक दो फीचर्स का परीक्षण कर रहा है।

लोकसभा चुनाव की शुरुआत के बीच शेयर बाजार में मजबूती

मुंबई (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत 91 सीटों पर मतदान की शुरुआत के बीच गुरुवार को देश के शेयर बाजार मजबूती के साथ खुले। बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सुबह 36.23 अंकों की मजबूती के साथ 38,621.58 पर जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी 8.25 अंकों की बढ़त के साथ 11,592.55 पर खुला।

सेंसेक्स सुबह 10.38 बजे 15.98 अंकों की मजबूती के साथ 38,601.33 पर और निफ्टी भी लगभग इसी समय 8.25 अंकों की बढ़त के साथ 11,592.55 पर कारोबार करते देखे गए।

बिजनेस के बारे में सोच रहे हैं तो, 25 हजार लगाकर शुरू करें ये बिजनेस, हर महीने होगी 40,000 की कमाई

नई दिल्ली। अगर आप कम निवेश में शुरू होने वाले बिजनेस के बारे में सोच रहे हैं तो जूट के बैग बनाने की यूनिट लगाना बेहतर विकल्प हो सकता है. देश के कई राज्यों में प्लास्टिक पर बैन के बाद जूट के बैग की मांग तेजी से बढ़ी है. ऐसे में कम निवेश में जूट का बैग बनाकर आप अच्छी कमाई कर सकते हैं. आइए जानते हैं जूट के बैग बनाने की यूनिट शुरू करने का प्रोसेस डिवीजन के मुताबिक, अगर आप एक जूट बैग मेकिंग यूनिट लगाना चाहते हैं तो आपको 5 सिलाई मशीन खरीदनी होंगी, जिनमें 2 हैवी ड्यूटी होनी चाहिए. इन मशीनों पर आपका लगभग 90 हजार रुपए का खर्च आएगा. इसके अलावा आपको लगभग 1 लाख 4 हजार रुपये वर्किंग कैपिटल की जरूरत होगी. जबकि अन्य खर्चों, जिसमें फिक्सड असेट, ऑपरेटिंग खर्च आदि पर लगभग 58 हजार रुपये का खर्च आएगा. यानी कि आपके प्रोजेक्ट की कैपिटल कॉस्ट लगभग 2.52 लाख रुपये आएगा.

सोने की चमक बढ़ेगी, ग्राहकों को होगा बड़ा फायदा

सर्वाधिक महंगी धातु के रूप में शुमार रही पैलेडियम की कीमतों में पिछले कुछ दिनों से भारी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है. बाजार में इस बात की अटकलें लगाई जाने लगी हैं कि क्या सोने के आगे अब पैलेडियम की चमक फीकी पड़ जाएगी. इसकी वजह भी है पिछले सप्ताह कारोबार के दौरान अंतर्राष्ट्रीय वायदा बाजार में सोना और पैलेडियम की कीमतों में महज 12 डॉलर प्रति औंस का फासला बच गया था.

जानकारों के मुताबिक सोने को सुरक्षित निवेश का एक बेहतरीन जरिया माना जाता है.

वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती रहने के संकेत से सोने में तेजी का रुख बना रहने की संभावना है. वहीं वाहन उद्योग में सुस्ती पैलेडियम की मांग कमजोर पड़ सकती है. पिछले साल जुलाई के बाद पैलेडियम के दाम में लगातार तेजी का रुख बना रहा और 21 मार्च 2019 को पैलेडियम का भाव रिकॉर्ड 1,576 डॉलर प्रति औंस की उंचाई पर पहुंच गया. जानकारों का कहना है कि मांग के मुकाबले सप्लाई कम रहने से कीमतों में तेजी आई थी और अब ऊपरी भाव पर बिकवाली का दबाव आने से नरमी देखने को मिल रही है. बता दें कि पांच अप्रैल को विदेशी बाजार में सोने का निचला स्तर 1,283.60 डॉलर प्रति औंस था।

आज का राशिफल

मेष: यदि आप समय के अनुसार चल रहे हैं तो जरूरत के मुताबिक यह भी महसूस कर रहे हैं कि आपको रिस्क लेने के लिए तैयार रहना है तो आप इस मामले में अकेले पड़ सकते हैं। जब भी आपको छोटी मोटी रकम या सहायता की जरूरत होगी तो आपको इन्हीं लोगों का भरोसा करना होगा जो आप आपके विरूद्ध चल रहे हैं।

वृषभ: आज आप अपने कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाई महसूस कर सकते हैं। एक साथ कई तरह के काम लेने से बचें। ऐसा न करने पर कारोबार में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

मिथुन: आज का दिन आर्थिक रूप से मिला-जुला रहेगा। आप कोशिश करें कि व्यर्थ की भागदौड़ में पैसे खर्च करने से बचें। कार्य संबंधी यात्रा में आपको सुखद परिणाम मिलने के योग हैं।

कर्क: आज के दिन आपको अपने काम के संबंध में कई जगहों पर जाना पड़ सकता है। यह यात्रा आर्थिक दृष्टिकोण से आपके लिए सुखद साबित होगी। आज के दिन आप अपने काम को भी विस्तार देंगे।

सिंह: आज के दिन आपको व्यवसाय और नौकरी में अधिक परिश्रम करने की सलाह है। इसके अलावा आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। अपने कार्य पर फोकस्ड रहें, लाभ होगा।

कन्या: आज आपको कार्य में अधिक ध्यान देने की जरूरत है। इसके अलावा कार्य संबंधी यात्रा करने के भी योग हैं। कुल मिलाकर आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा।

तुला: आज के दिन आपको किसी अन्य द्वारा लिए गए कर्जे को चुकाना पड़ सकता है। इसके अलावा यदि आपने भी किसी से उधार लिया है तो कोशिश करें कि उसे भी अतिशीघ्र चुका दें।

वृश्चिक: आज के दिन आपको व्यापार में लेन-देन संबंधी सर्तकता बरतने की जरूरत है। इसके अलावा आकस्मिक लाभ की भी संभावना है।

धनु: आज के दिन व्यापार या नौकरी संबंधी यात्रा करनी पड़ सकती है। लाभ मिलने के योग हैं। आज आर्थिक रूप से आपको कम मेहनत पर अधिक लाभ मिलने के आसार हैं।

मकर: आज के दिन आपके लिए शुभ है। आपको नौकरी में पुरस्कार मिलेगा। इसके अलावा व्यापार में हैं तो आज आपके लिए अवसरों के नए द्वार खुलेंगे।

कुंभ: आज के दिन व्यापार में लेन-देन में सोच-समझकर निर्णय लें। कोई नया कार्य शुरू करना चाहते हैं तो ईश्वर का नाम याद करके शुरू करें, लाभ मिलेगा।

मीन: बुध ग्रह की सहायता से आज आपके कार्यक्षेत्र में ख्याति और यश मिलेगा। आज के दिन किया हुआ कोई भी कार्य आपको सफलता दिलाएगा।

लोक कल्याण का सुशासन

एक बार सम्राट अशोक के जन्मदिवस पर सर्वश्रेष्ठ शासन व्यवस्था करने वाले प्रांत प्रमुख को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

दरबार में उत्तरी सीमावर्ती प्रांत के प्रमुख ने कहा-कर वृद्धि से हमारे प्रांत की आय पहले से तीन गुना हो गई है। दक्षिण प्रांत का प्रमुख बोला-इस वर्ष राजकोष को भेजा गया सबसे ज्यादा राजस्व गत वर्ष की अपेक्षा दोगुना है। पूर्वी प्रांत प्रमुख ने कहा-सीमा से सटे दमनकारियों का अंत कर हमने वहां शांति स्थापित की है। एक प्रांत प्रमुख बोला-हमने राज्य में आय के नए स्रोत खोजे हैं, जिससे संसाधन और सुशासन में सुधार होगा। आखिर में मगध प्रांत प्रमुख बोला-इस वर्ष राजकोष को भेजे जाने वाले राजस्व में मेरे राज्य द्वारा भेजा गया भाग आधा ही है।

प्रजा के कर घटाये हैं। राजसेवकों को सुविधाएं दी गई हैं। मार्गों में कुएं व उद्यान, पाठशालाएं और धर्मशालाएं तैयार की गई। रोगियों की चिकित्सा के लिए औषधालय खोले गए। सभी प्रांतों का ब्योरा सुनने के बाद सम्राट अशोक ने कहा कि मुझे शोषण से प्राप्त धन की चाह नहीं है। दमन कर कमाया धन निंदनीय है। इसीलिए मगध प्रांत के प्रमुख को सर्वश्रेष्ठ शासक घोषित किया जाता है।

चैम्पियंस लीग : ओल्ड ट्रैफर्ड पर बार्सिलोना से हारी युनाइटेड

मैनचेस्टर (आरएनएस)। स्पेनिश क्लब एफसी बार्सिलोना ने गुरुवार देर रात यहां ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेले गए यूरोपीय चैम्पियंस लीग चार्टर फाइनल के पहले लेग के मैच में मैनचेस्टर युनाइटेड को 1-0 से मात दी। इंग्लिश क्लब के डिफेंडर लूक शॉ ने मुकाबले में ओन गोल किया और बार्सिलोना को दूसरे लेग के मैच में पहले अहम बढ़त दे दी। युनाइटेड को पहली बार अपने घरेलू मैदान पर चैम्पियंस लीग के लगातार तीन नॉकआउट मुकाबलों में हार झेलनी पड़ी है।

मैच की शुरुआत बार्सिलोना के लिए बेहतरीन रही। मेहमान टीम ने पहले मिनट से ही अटैक करने पर भरोसा दिखाया और युनाइटेड के डिफेंस पर दबाव बनाया। बार्सिलोना ने 12वें मिनट में अटैक किया और 18 गज के बॉक्स के अंदर से स्ट्राइकर लुइस सुआरेज ने हेडर लगाया। गेंद शॉ से लगकर गोल में चली गई, लेकिन रेफरी ने ऑफ साइड का निर्णय लिया। इसके बाद, वीएआर की मदद ली गई जिससे मेहमान टीम को बढ़त मिल गई। युनाइटेड ने एक गोल से पिछड़ने के बाद अपने खेल को बेहतर किया। खासकर, मेजबान टीम के खिलाड़ियों ने अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी को कोई खतरनाक मूव बनाने या गोल करने का मौका नहीं दिया। दूसरे हाफ में मेजबान टीम ने अटैक करने का प्रयास जारी रखा, लेकिन बॉक्स के पास उसके खिलाड़ी बार्सिलोना के डिफेंस को भेदने में सफल नहीं हो पाए।

राहुल के शतक पर भारी पड़ा पोलार्ड का तूफ़ान, मुंबई आखिरी गेंद पर जीती

मुंबई (आरएनएस)। ओपनर लोकेश राहुल (नाबाद 100) के विस्फोटक शतक और क्रिस गेल (63) की आतिशी अर्धशतकीय पारी पर विंडीज के कार्यवाहक कप्तान कीरोन पोलार्ड की 10 छक्कों से सजी 83 रन की तूफानी पारी भारी पड़ गयी और मुंबई इंडियंस ने किंग्स इलेवन पंजाब सेआईपीएल-12 का सांसों को रोक देने वाला रोमांचक मुकाबला बुधवार को आखिरी गेंद पर तीन विकेट से जीत लिया। पंजाब ने चार विकेट पर 197 रन का मजबूत स्कोर बनाया लेकिन मुंबई ने सात विकेट पर 198 रन बनाकर मैच जीत लिया। मुंबई ने आखिरी गेंद पर दो रन निकालकर पंजाब को मायूस कर दिया। पोलार्ड ने 31 गेंदों पर तीन चौकों और 10 छक्कों की मदद से मैच विजयी 83 रन ठोके।

पोलार्ड मैच को हमसे दूर ले गए : अश्विन

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई इंडियंस के खिलाफ बुधवार को यहां हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में हार झेलने के बाद किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान रविचंद्रन अश्विन ने माना कि केरन पोलार्ड की दमदार पारी मुकाबले को उनसे दूर ले गई। पोलार्ड की 31 गेंदों पर 10 छक्के और तीन चौकों की मदद से खेली गई 83 रनों की पारी के दम पर मुंबई ने आखिरी गेंद पर सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच के बाद अश्विन ने कहा, मैच के आखिर में पोलार्ड ने शानदार बल्लेबाजी की और मुकाबले को हमसे दूर ले गए।

नवरात्रि के व्रत में आज बनाएं शकरकंद की चाट

नवरात्रि में पूरे 9 दिन उपवास करने वाले लागों के लिए कुट्टू या सिंघाड़े का आटा और आलू, साबुदाना व समा के चवल के अलावा ज्यादा विकल्प नहीं होता है। मगर आज हम आपके लिए इन सबसे अलग एक बेहद मजेदार रेसिपी पेश कर रहे हैं। यह है शकरकंद की चाट। इस चाट को बनाना बेहद आसान होता है और खाने में भी बेहद स्वादिष्ट होती है। आइए जानते हैं इसकी रेसिपी :

सामग्री :

4 से 5 छोटी शकरकंद
2 छोटे चम्मच हरी चटनी
2 छोटे चम्मच इमली की मीठी चटनी
1/2 इंच अदरक (बारीक कटा)
1 चम्मच बारीक कटी हरी धनिया
1/4 छोटा चम्मच सेंधा नमक
1/2 नीबू

विधि :

इमली की चटनी : 2 बड़े चम्मच इमली के गूदे को गरम पानी में आधे घंटे के लिए भिगो दें। फिर इसे पीसकर छान लें। इसमें 3 से 4 बड़े चम्मच चीनी डाल के थोड़ा गाढ़ा होने तक उबाल लें। इमली की चटनी तैयार है। इसे आप फ्रिज में स्टोर भी कर सकते हैं।

धनिया चटनी के लिए : धनिया पत्ती, हरी मिर्च, अदरक, सेंधा नमक डालकर पीस लें। पिसे हुए पेस्ट में नींबू का रस मिल दें। आपकी हरी चटनी तैयार है।

चाट के लिए : उबली हुई शकरकंद को छील कर 1/4 इंच के टुकड़ों में काट लें। इसमें सेंधा नमक, हरी मिर्च, जीरा पाउडर, अदरक, हरी धनिया, हरी चटनी, मीठी चटनी डाल के मिला दें। चाट को सर्व करने के लिए इसे प्लेट में निकालें और ऊपर से थोड़ा सा हरा धनिया, जीरा पाउडर व नीबू के रस से गार्निश कर सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य-31

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 30 का हल

अ	भि	षे	क	■	प	स	■	■
जा	त	■	थ	प	थ	पा	ना	■
य	र	का	नी	■	भ्र	■	र	श्मि
ब	घा	र	■	क	ष्ट	प्र	द	■
■	त	ना	त	नी	■	र्व	■	ब
अ	■	मा	■	ज	मा	त	■	ल
स	जा	■	■	■	■	क	ज	रा
बा	■	बे	स	हा	रा	■	ग	म
ब	गु	ला	■	रा	ज	दू	त	■

सू-दोकू-31

	8				1		5	
6			8			2		3
	3				2		1	
		3		9		5		4
5			3				9	
		4		2				6
4			2		3		6	
		6				8		7
	2	9	7		6			

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 30 का हल

5	3	9	7	4	8	6	2	1
2	1	6	5	9	3	4	7	6
4	7	8	1	6	2	3	5	9
3	6	1	8	5	9	2	4	7
8	5	2	3	7	4	1	9	6
7	9	4	2	1	6	8	3	5
6	4	7	9	2	1	5	6	3
1	8	5	4	3	7	9	6	2
9	2	3	6	8	5	7	1	4